प्राथमिकता / समयबद्ध

अ.शा.प.सं- 1/2020/17एम(5)/35-आ-1/2020-06टीसी

कुमार कमलेश

अपर मुख्य सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
राज्य योजना आयोग अनुभाग-1
योजना भवन
लखनऊ: दिनांक: 06 फरवरी, 2020

प्रिय महोदय/ महोदया,

अवगत कराना है कि दिनांक 31 जनवरी, 2020 को मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निर्देश प्राप्त हुए हैं कि सभी विभागों द्वारा ईज आफ लिविंग को सुधारने हेतु प्रयास किये जायें । इस हेतु आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने विभाग से सम्बन्धित ऐसे 2-3 बिन्दु/ योजनायें/ सेवायें चिन्हित करें, जिनमें जनसामान्य को अधिकतम परेशानी होती है या जिसे सरलीकरण/ Reform करने से जनसामान्य को अधिकतम सहूलियत प्राप्त होगी। तत्पश्चात अधिनियम / नियम/ शासनादेशों के माध्यम से उपरोक्त में सुधार कर ईज ऑफ लिविंग को वास्तविक रूप से सुधारा जा सकेगा।

2- अत: अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त के संदर्भ में अपने विभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं/ योजनाओं/ सेवाओं को चिन्हित कर (अधिकतम 3) दिनांक 10 फरवरी, 2020 तक नियोजन विभाग को उपलब्ध कराते हुए इसकी साफ्ट कापी ईमेल आई0डी0 upplanning2020@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कुमार कमलेश)

समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव

प्रतिलिपि:-

1- **निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ विशेष सचिव, नियोजन विभाग।**
2- **निजी सचिव, स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव।**
3- **समस्त संयुक्त निदेशक, राज्य योजना आयोग।**

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।**